Title: Regarding revival of fertilizers factory at Sindri in the state of Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दल्ला (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र उदहरण के लिए धनबाद जिले के सिंदरी में खाद का कारखाना बंद होने के संबंध में ध्यानाकर्षण करता हूं। यह कारखाना पिछले डेढ़ वर्ष से बंद है। इसके कारण हजारों मजदूर बेकार हो गये हैं। इसके अलावा इसके आसपास के क्षेत्र में जो किसान हैं, उनके खेतों में खाद की कमी हो गयी है। इसके कारण उनकी पैदावार में भी कमी आ गयी है। इसके अलावा इस कारखाने के बंद होने से इसके आसपास के क्षेत्र में जो व्यापार चलता था, वह भी बंद हो गया है। इसके कारण वहां के लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मैं माननीय मंत्री से निवेदन करूंगा कि वे इस कारखाने को शीघ्र चालू करने का प्रयास करें।

अध्यक्ष महोदय : श्री कांति जायसवाल उपस्थित।

श्री प्रभुनारायण सिंह। There should not be any allegation against anybody without a notice.

… (*Interruptions*)